C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 323 | बिजौलिया - गुरुवार, 04 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## पानी मांगने पर FIR, गहलोत ने कहा- भाजपा सरकार का 'डबल इंजन सर्कस'

### धुंधाड़ा गांव के ग्रामीणों पर मामला दर्ज होने से गरमाई सियासत, सरकार पर साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



जोधपुर जिले के धुंधाड़ा गांव में पेयजल संकट को लेकर आवाज उठाने वाले ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस मामले को जनता के बुनियादी अधिकारों से जोड़ते हुए भाजपा सरकार और उसके मंत्रियों पर तीखा हमला बोला है। गहलोत ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हालात ऐसे हो गए हैं कि अब पानी मांगने पर भी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार का नया 'डबल इंजन सर्कस' चल रहा है। उन्होंने कहा कि धुंधाड़ा गांव के ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल के समक्ष पेयजल संकट की समस्या रखी थी और पानी उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन समस्या का समाधान करने के बजाय जलदाय विभाग (क्काश्वष्ठ) ने ग्रामीणों पर राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज करा दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि क्या सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकता तक पूरी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि यह घटना सत्ता के मद में चूर सरकार और प्रशासन की कार्यशैली को उजागर करती है।

गहलोत ने अपने बयान में एक अन्य घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पहले भी मंत्री जोराराम कुमावत से पेयजल की मांग करने पर ग्रामीणों के बिजली और पानी के कनेक्शन काट दिए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संवेदनहीनता और अहंकार की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है तथा जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय विरोध की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन मौजूदा हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए सरकार से जवाब मांगा है।

## रोजगार पर मंडराया संकट: 48 नर्सिंग कर्मियों पर लटकी सेवा समाप्ति की तलवार, मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

महात्मा गांधी हॉस्पिटल में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 48 नर्स ग्रेड-2 कर्मियों के सामने अचानक रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। अन्य जिलों में आए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के नए आदेशों के बाद स्थानीय कार्मिकों में सेवा समाप्ति की आशंका गहरा गई है। अपनी इस पीड़ा को लेकर बुधवार को नर्सिंग कर्मियों ने मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन किया। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल वर्षा सिंह को मांगपत्र सौंपकर राहत प्रदान करने की गुहार लगाई है। सौंपे मांगपत्र में बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग जयपुर के जारी आदेश के तहत विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में आइसीयू बेड और पदों के रूपांतरण को लेकर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं। इस नए बदलाव और राजस्थान के अन्य जिलों से आए आदेशों के पैटर्न को देखते हुए कार्मिकों को डर है कि उनकी सेवाएं कभी भी समाप्त की जा सकती है।

नर्सिंग कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि अस्पताल में मरीजों के भार और उनकी लंबी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए फिलहाल उनकी सेवाएं समाप्त न की जाएं। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष (2026-27) तक इसी पद पर कार्य करते रहने की अनुमति दिलाने की मांग की , ताकि उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा न हो।

## खेत में पत्थरों की दीवार में छिपा था विशाल अजगर, अजगर और अंडे दिखते ही मची हलचल; वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**




जिले के गुरला टोल के पास स्थित नरसिंहपुरा गांव में एक खेत की पत्थर की दीवार में अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हलचल मच गई। खेत मालिक रमेश कुमावत ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और वन्यजीव रक्षक मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू के दौरान अजगर के साथ उसके अंडे भी मिले, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। वन विभाग ने अजगर और उसके अंडों को किसी तरह की क्षति पहुंचाए बिना सुरक्षित रेस्क्यू कर वन क्षेत्र में छोड़ दिया। इस दौरान ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव को नुकसान न पहुंचाएं। यदि किसी क्षेत्र में अजगर या अन्य वन्यजीव दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन्यजीव पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

वन्यजीव रक्षक नारायण लाल बैरवा ने बताया कि सूचना मिली कि गुरला टोल के पास स्थित नरसिंहपुरा गांव में रमेश कुमावत के खेत की पत्थर की दीवार में एक अजगर दिखाई दिया। तुरंत वन विभाग के वनपाल चंद्रपाल को सूचना दी। जिस पर वन रक्षक दिनेश कुमार रेगर और अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि अजगर दीवार के बीच सुरक्षित बैठा हुआ था। जब उसे सावधानीपूर्वक बाहर निकालने का प्रयास किया गया तो वहां अजगर के अंडे भी दिखाई दिए। इसके बाद वन विभाग की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ अजगर और उसके अंडों का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि अजगर और उसके अंडों को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। वन विभाग के रेंजर प्रशांत भट्ट के निर्देशानुसार अजगर और उसके अंडों को सुरक्षित रूप से वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। इस दौरान वन विभाग के दिनेश कुमार, वनरक्षक सोहनलाल, वनरक्षक योगेंद्र सिंह, वन्यजीव रक्षक नारायण लाल बैरवा और उनकी टीम मौजूद रही। वन विभाग के दिनेश कुमार ने बताया कि भारतीय रॉक पाइथन एक विशाल और विषहीन अजगर प्रजाति है, जिसकी लंबाई 20 फीट तक हो सकती है। यह प्रजाति भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत संरक्षित है। गर्मी के मौसम में मादा अजगर अंडे देती है और उनकी सुरक्षा करती है।

## हथकड़ी से बचने की मन्नत पूरी हुई तो सांवलिया सेठ को चढ़ाई चांदी की हथकड़ी

### बागुंड प्राकट्य स्थल पर पहली बार पहुंची अनोखी भेंट, 50 ग्राम चांदी से बनवाकर भक्त ने किया अर्पण





**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

आस्था और विश्वास के लिए प्रसिद्ध सांवलिया सेठ के दरबार में रोजाना सोना, चांदी, नकदी और आभूषणों का चढ़ावा आता है, लेकिन मंदिर में एक ऐसी भेंट पहुंची जिसने सभी का ध्यान आकर्षित कर लिया। एक श्रद्धालु ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर 50 ग्राम चांदी से बनी हथकड़ी भगवान सांवलिया सेठ को अर्पित की। मंदिर प्रशासन के अनुसार इस तरह की भेंट पहली बार देखने को मिली है।

जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ जिले के बागुंड स्थित सांवलिया सेठ के प्राकट्य स्थल मंदिर में एक भक्त ने चांदी की हथकड़ी चढ़ाई। भक्त ने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं की, लेकिन बताया कि वह एक ऐसे मामले में उलझा हुआ था, जिसमें उसे हथकड़ी लगने का भय सता रहा था। मानसिक तनाव के दौर में उसने सांवलिया सेठ से प्रार्थना की थी कि उसे इस संकट से मुक्ति मिले।

भक्त का कहना है कि कुछ समय बाद परिस्थितियां उसके पक्ष में हो गईं और वह उस परेशानी से बाहर निकल आया। अपनी मन्नत पूरी होने पर उसने सुनार से विशेष रूप से 50 ग्राम चांदी की हथकड़ी तैयार करवाई और भगवान के चरणों में अर्पित कर दी।

मंदिर से जुड़े लोगों के अनुसार आमतौर पर श्रद्धालु मुकुट, छत्र, आभूषण, चांदी के छत्र, सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी भेंट करते हैं, लेकिन हथकड़ी जैसी अनोखी भेंट पहली बार सामने आई है। यही कारण है कि यह चढ़ावा श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि सांवलिया सेठ की तीन प्रमुख प्रतिमाएं चित्तौड़गढ़ जिले में स्थापित हैं। इनमें मंडफिया स्थित सांवलिया सेठ का मंदिर सबसे प्रसिद्ध माना जाता है, जबकि बागुंड स्थित प्राकट्य स्थल और भादसोड़ा मंदिर भी श्रद्धालुओं की गहरी आस्था के केंद्र हैं। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन और मनोकामना पूर्ति की कामना लेकर पहुंचते हैं।

## तीसरे दिन भी अंधेरे में डूबा बलिया खेड़ा, तूफान में 40 से अधिक पोल धराशाई हुए, मकान में आई दरारें

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के बलिया खेड़ा गांव में सोमवार को आए तूफान के चलते गांव में बड़ा भारी नुकसान हुआ था, वही तूफान की चपेट में आने से दर्जनों विद्युत पोल धराशाई हो गए, जिसके चलते गांव में अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीण कन्हैयालाल जाट ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद सायं करीब 4 बजे एकाएक आए तेज तूफान ने पूरे गांव को तबाह कर दिया। तूफान से सभी घरों में नुकसान हुआ, जिसमें कई जगह चद्दर व टीनशैड उड़े गए तो कहीं जगह दीवारें धराशाई हो गई, वहीं पेड़ पौधे भी टूट कर गिर गए। सोमवार से गांव में विद्युत सप्लाई बंद है जो तीसरे दिन बुधवार शाम तक भी सुचारू नहीं हो पाई, इसके चलते ग्रामीणों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह बलिया खेड़ा गांव में घनश्याम पिता देबीलाल जाट के मकान में जगह-जगह मकान दरारें आ गई, वहीं छत पर बना टीनशैड उड़ गया व दीवार धराशाई हो गई, किसान परिवार ने मेहनत मजदूरी कर अपने लिए आशियाना खड़ा किया, लेकिन इस तूफान ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया, मकान में जगह-जगह दरारें आने के चलते परिजनों को अंदर रहने में भी डर बना हुआ है,अब अगर और आंधी चलती है तो मकान के गिरने का खतरा बना रहेगा। लाइनमैन गणेश आचार्य ने बताया कि इस तूफान की वजह से 40 से अधिक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, वही छः डीपी थ्री फेस तथा पांच डीपी सिंगल फेस की जमीन पर गिर गई, इसमें से सिंगल फेस के दो डीपी को सही कर दिया गया, जिससे कुछ हिस्से में बिजली आपूर्ति शुरू हो गई, 2 दिन से टीमें लगातार कार्य किया जा रही, जल्दी गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू होगी ।।

## तिरुपति बालाजी के स्वरूप में सजे सांवरिया सेठ, हवन व गो-सेवा का आयोजन


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में पुरुषोत्तम (अधिक) मास के तहत बुधवार को ठाकुरजी को तिरुपति बालाजी के स्वरूप में विशेष श्रृंगार कर दर्शन कराए गए। इंदौर से मंगवाई गई विशेष पोशाक में सजे ठाकुरजी के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ट्रस्ट सचिव कैलाश डाड ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन विभिन्न मनमोहक झांकियों के माध्यम से भक्तों को प्रभु के विविध स्वरूपों के दर्शन कराए जा रहे हैं। बुधवार को यजमान हजारी गुर्जर के सौजन्य से विधि-विधानपूर्वक हवन-पूजन एवं कीर्तन का आयोजन हुआ तथा विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी गईं।


कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश आगाल ने बताया कि मंदिर की ओर से गायों को लापसी खिलाकर गो-सेवा भी की गई। वहीं कन्हैयालाल बिड़ला के 87वें जन्मोत्सव पर स्थानीय गौशाला में गायों को हरा चारा व लापसी खिलाकर सेवा कार्य किया गया।

ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। इस दौरान मनीष बहेड़िया, सुनील नवाल, गिरराज काबरा, भंवरलाल दरगड़, हेमंत शर्मा सहित कई श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। साथ ही मंदिर परिसर में शिव मंदिर निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।



## एंबुलेंस की टक्कर से युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**( सांवर वैष्णव ):-** नेशनल हाईवे 758 पर अगरपुरा गांव में एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रोहिताश्व कुमार ने बताया कि अगरपुरा गांव में भीलवाड़ा से सवाईपुर की तरफ जा रही बाइक की मिनी एंबुलेंस गाड़ी ने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा कर शिनाख्त का प्रयास कर रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, कुछ देर तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर हाईवे को सुचारू किया ।।

## जलभराव से ग्रामीण परेशान, बीमारियों का बढ़ा खतरा



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

क्षेत्र के लाखोला गांव में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के बीचों-बीच जमा गंदा पानी अब लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य आबादी क्षेत्र में पानी भरे रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजमर्रा के आवागमन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है। बरसात के मौसम से पहले स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीण लक्ष्मण सेन, मदनलाल खटीक, मगनीलाल, जानकीलाल, उर्मिला, कुशाल, नंदलाल सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से शीघ्र पानी निकासी की व्यवस्था कर गांव को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने की मांग की है।

## विधायक खेल विकास योजना के तहत महिला साइक्लिंग सिटी रेस का आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना के अंतर्गत बुधवार को मुरलीधर मानसिंहका कन्या महाविद्यालय खेल मैदान में महिला साइक्लिंग सिटी रेस एवं साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं एवं युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

प्रतियोगिता में पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, रंगमंच कर्मी गोपाल आचार्य, समाजसेवी सत्यनारायण गूगड, विधायक खेल विकास योजना के संयोजक शिक्षाविद विवेक निमावत, सोशल मीडिया के दिनेश सुथार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक अशोक कुमार कोठारी द्वारा बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करती हैं।

विधायक खेल विकास योजना के मुख्य कोच अजीत जैन ने बताया कि वर्तमान में शहर के चार खेल मैदानों पर प्रतिदिन 3 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य भीलवाड़ा के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है तथा वर्ष 2035 तक यहां के खिलाड़ी ओलंपिक में देश का नाम रोशन करें, इसी लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विधायक खेल विकास योजना के संयोजक एवं मुख्य कोच अजीत जैन के नेतृत्व में महेश शर्मा, पलक राजपूत, मनीष सोलंकी एवं दिनेश सोलंकी सहित प्रशिक्षकों की टीम निरंतर बच्चों को खेलों से जोड़ने का कार्य कर रही है। उनके प्रयासों से नन्हे-मुन्ने बच्चे मोबाइल और डिजिटल उपकरणों की अधिकता से दूर होकर विभिन्न आउटडोर खेलों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। जिससे उनका शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित हो रहा है।

इस दौरान समाजसेवी सत्यनारायण गूगड़ ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ा सकती हैं।

कार्यक्रम में अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## कुलगुरु ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया अवलोकन, मॉडल फार्म विकसित करने पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र भीलवाड़ा का अवलोकन कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा केंद्र को मॉडल फार्म के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। अवलोकन के दौरान कुलगुरु ने केंद्र के प्रदर्शन फार्म पर मल्टी लेयरिंग फार्मिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंवला बगीचे में हल्दी, अदरक एवं बेल वाली सब्जियों का रोपण किया। उन्होंने बताया कि इस पद्धति से खरपतवार की समस्या कम होगी, अतिरिक्त आय प्राप्त होगी तथा किसानों को उन्नत खेती के तरीके सीखने का अवसर मिलेगा।

डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र को मॉडल फार्म के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जिससे जिले के किसान कृषि की नवीनतम तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर अपनाने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्य, आवश्यकता एवं महत्व पर भी चर्चा करते हुए कहा कि समृद्ध खेती के लिए स्वस्थ मिट्टी, संरक्षित जल, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा किसान जागरूकता आवश्यक है।



इस अवसर पर कुलगुरु ने प्रगतिशील कृषक नरेंद्र कोहला एवं रामसिंह राणावत के खेतों का भी अवलोकन किया तथा उन्हें आवश्यक तकनीकी सुझाव दिए। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने कुलगुरु का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि केंद्र किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही केंद्र को मॉडल फार्म के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे जिले के अधिकाधिक किसान लाभान्वित हो सकेंगे।

अवलोकन के दौरान लेखाधिकारी अजित सिंह राठौड़, वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. लालचंद, राजेंद्र सोनी एवं एफपीओ के महावीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व साइकिल दिवस पर पहली बार आयोजित हुई अस्मिता खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग सिटी लीग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को अजमेर रोड स्थित यश मोटर्स के सामने निर्मित साइकिल ट्रैक पर 'अस्मिता खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग सिटी लीग-2026' का आयोजन किया गया। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया के सहयोग से तथा राजस्थान साइक्लिंग और भीलवाड़ा साइकिल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में 100 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया।

भीलवाड़ा साइकिल क्लब के प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि भीलवाड़ा में पहली बार महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए इस प्रकार की ओपन ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी त्रिलोकचंद छाबड़ा, बाबूलाल जाजू, लक्ष्मीनारायण डाड, स्थायी लोक अदालत सदस्य गोवर्धन सिंह कावड़िया, तहसीलदार नीरज रावत, पूर्व संयुक्त निदेशक श्याम सुंदर जोशी, प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट, पूर्व सभापति मधु जाजू, मंजू पोखरना, डिप्टी एसपी शिल्पा भादविया, सहायक अभियंता राममिलन यादव, वरिष्ठ नागरिक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन खटोड़, वीणा मोदी एवं गायत्री मूंदड़ा सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया।




प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों को साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं राजस्थान साइक्लिंग की ओर से मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुछाल ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकेंगी।

कार्यक्रम में साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि अरुण जोशी एवं राजस्थान साइक्लिंग की चेयरपर्सन सारिका चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मायाकांत शर्मा, सूर्यपाल विश्वकर्मा, रघुवीर कुमावत, महेश टाक एवं जयदेव सिंह शामिल रहे।

समापन पर आयोजित साइकिल रैली के माध्यम से फिटनेस, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर शुरू होगा 'ऊर्जा उपवास' अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से अपना संस्थान, भारत विकास परिषद एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 'ऊर्जा उपवास अभियान' का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के माध्यम से लोगों को ऊर्जा की बचत कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ 4 जून को रात्रि 8:15 बजे नगर निगम के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित कार्यक्रम में होगा। कार्यक्रम में अतिथि एवं वक्ता ऊर्जा बचत के विभिन्न उपायों को अपनाने का आह्वान करेंगे। अभियान के तहत पेट्रोल-डीजल की बचत, बिजली एवं पानी का कम उपयोग, एयर कंडीशनर का सीमित प्रयोग, मोबाइल और टीवी के उपयोग में कमी जैसे उपायों को 'ऊर्जा उपवास' का स्वरूप दिया जाएगा।




अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार रात शास्त्रीनगर स्थित भारत विकास परिषद भवन में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने सुझाव दिया कि सामाजिक, धार्मिक संगठनों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों को अभियान से जोड़कर ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए।

अपना संस्थान के सचिव विनोद मैलाना ने कहा कि अभियान का उद्देश्य भीलवाड़ा से ऊर्जा बचत का ऐसा संदेश देना है, जो पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बने। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण से ही सुरक्षित पर्यावरण और बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है।

बैठक में भारत विकास परिषद के समन्वयक श्यामलाल कुमावत, नगर निगम के सीएसई संजय खोखर, वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदनलाल खटोड़, विनोद कोठारी, साधना मैलाना, डॉ. सुरेश भदादा, राकेश तिवाड़ी, जिम्मी जैन, दीपा पेशवानी, भगवान जीनगर एवं राजेन्द्र काबरा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करेगा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन जिला युवा इकाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई जिला भीलवाड़ा की बैठक आज जिला युवा कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आम, जामुन, शहतूत, अर्जुन, तुलसी सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया जाएगा। साथ ही फेडरेशन के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

बैठक में युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी, युवा जिला महामंत्री हर्षिल नागोरी, राकेश सिंघवी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय विजयवर्गीय, हर्ष राठी, आशीष शाह, मनीष सेठी, ऋषभ पोरवाल, युवा जिला कोषाध्यक्ष त्रिदेव मूंदड़ा, युवा जिला मंत्री अंशुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष योगेश हेडा, संगठन मंत्री रोहित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी हरीश हिंदुस्तानी, मनीष विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।यह समाचार स्थानीय समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्रकाशन के लिए उपयुक्त है।

## महिलाओं को परामर्श और सहयोग देने के लिए महिला परामर्श एवं समाधान केंद्र का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महिलाओं एवं किशोरियों को परामर्श, सहयोग और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाल व महिला चेतना समिति एवं क्रिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सुवाणा क्षेत्र में महिला परामर्श एवं समाधान केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा विभिन्न सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने कहा कि केंद्र में जेंडर आधारित हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र में आने वाली महिलाओं की गोपनीयता बनाए रखते हुए उनकी काउंसलिंग की जाएगी तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व विकास से जुड़े विषयों पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। समाज में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना समय की आवश्यकता है तथा यह केंद्र महिलाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक भरोसेमंद मंच प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर क्रिया परियोजना की समन्वयक भावना जोशी, काउंसलर आहुति सिंह, फैलो रिंकू सिंह, प्रीति तथा संस्था के कार्यकर्ता श्यामलाल, परमेश एवं विशाल उपस्थित रहे।

## मांडलगढ़ विधायक ने 2 करोड़ की सीसी रोड सहित चार विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में बरूदनी से पारसोली सीसी रोड निर्माण कार्य (2 करोड़ रुपये), महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा-कक्ष निर्माण, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में डोम निर्माण कार्य तथा मेन रोड स्थित बावड़ी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर ने की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, ग्राम पंचायत प्रशासक गजेंद्र साहू, भाजपा नेता अनिल पारिक, श्यामलाल जाट, शंकरलाल धाकड़, कालूलाल पालीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक शैतान सिंह शक्तावत, शिव प्रकाश दरक, श्याम लाल शर्मा, शंभूलाल मीणा राकेश आर्य, अशोक कुमार धाकड़, हरिलाल जाट एवं सतीश पंचोली मुलचंद रायका बसन्ती सोनी कालू सिंह चौहान, राजू धाकड़ रामनारायण सोमानी माधुलाल धाकड़ राम प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## टेंट व्यवसायियों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित, नई समिति का गठन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी।** कस्बे स्थित राज भवानी वाटिका में टेंट डीलर्स समिति का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऊपरमाल, खेराड़ एवं बरड़ क्षेत्र के टेंट, लाइट, फ्लॉवर डेकोरेशन, डीजे एवं केटरिंग व्यवसाय से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया।


समारोह का शुभारंभ हाड़ौती टेंट डीलर समिति कोटा के अध्यक्ष दीपक सिंघल, रईस मोहम्मद, गुरमीत सिंह एवं मोहर सिंह के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने संगठन की मजबूती और व्यवसायिक एकता पर बल देते हुए व्यापारियों को संगठित रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय टेंट डीलर समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अरुण गुरुजी (राज भवानी वाटिका) को अध्यक्ष, कैलाश बेरागी, राहुल सेठिया एवं शेखर चंद्रवाल को उपाध्यक्ष, जयदीप सोनी को सचिव तथा सुनील खटीक को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर आगामी 6, 7 एवं 8 सितंबर को कोटा में आयोजित होने वाले 17वें प्रांतीय टेंट अधिवेशन की जानकारी भी व्यापारियों को दी गई। वक्ताओं ने अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। समारोह में व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी व्यापारियों ने आपसी सहयोग एवं एकता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत व पुनर्निर्माण की मांग, भाजपा जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा ने जिले में जर्जर एवं असुरक्षित सरकारी स्कूल भवनों की स्थिति को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मानसून और नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पहले चिन्हित स्कूल भवनों की मरम्मत, पुनर्निर्माण एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में प्रदेशभर में सरकारी विद्यालयों के जर्जर भवनों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

मेवाड़ा ने बताया कि जिले में करीब 116 सरकारी विद्यालय भवन जर्जर एवं असुरक्षित स्थिति में हैं। आगामी मानसून को देखते हुए इन भवनों के ढहने का खतरा बढ़ सकता है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका है।

ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि पूरी तरह जर्जर भवनों को तत्काल हटाकर नए भवनों का निर्माण शुरू कराया जाए। वहीं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त भवनों की तकनीकी जांच करवाकर ग्रीष्मावकाश के दौरान मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाए। साथ ही निर्माण अथवा मरम्मत कार्य पूरा होने तक विद्यार्थियों को सुरक्षित वैकल्पिक भवनों में स्थानांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मेवाड़ा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा यह अत्यंत संवेदनशील विषय है, जिस पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# लक्ष्मीखेड़ा को मिली विकास की सौगात, विधायक खंडेलवाल ने किए 1 करोड़ से अधिक के कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।





ग्राम पंचायत लक्ष्मीखेड़ा के देवरी की नूण स्थित प्रसिद्ध नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार बंजारा ने की। वहीं विकास अधिकारी अशेष शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य सुविधाओं को मिला विस्तार**

विधायक खंडेलवाल ने लक्ष्मीखेड़ा में ?50 लाख की लागत से बनने वाले नए उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इसके साथ ही खेराडिया में ?50 लाख की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। यह केंद्र अब क्षेत्रीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा विधायक कोष से ?5 लाख की लागत से नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में निर्मित छायाग्रह का भी लोकार्पण किया गया, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

**जनसुनवाई में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

समारोह के दौरान विधायक गोपाल खंडेलवाल ने जनसुनवाई कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं उचित समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**विकास और स्वास्थ्य सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता**

इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास तथा प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नए स्वास्थ्य केंद्रों के शुरू होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में प्रशासक शांति देवी मेघवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, मंडल महामंत्री मुकेश धनोपिया, मुकेश धाकड़, प्रशासक प्रतिनिधि लोकेश मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य अभिषेक सर्वा, कोषाध्यक्ष शंकर बंजारा, पूर्व मंडल महामंत्री अनिल खटीक, बूथ अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, नंदलाल दरोगा, मुकेश बंजारा, उप प्रशासक चेनाराम बंजारा, नृसिंह बंजारा, घनश्याम धाकड़, नारायण धाकड़, शंकर धाकड़, जालम सिंह, राजू बंजारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पथ विक्रेताओं के लिए 30 जून तक लगाए जाएंगे विशेष शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के पथ विक्रेताओं, रेहड़ी-ठेला संचालकों, छोटे व्यापारियों एवं श्रमिक वर्ग को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 1 जून से 30 जून तक नगर निगम क्षेत्र में संचालित होगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को बिना गारंटी आसान ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के तहत प्रथम ऋण 15 हजार रुपये, द्वितीय ऋण 25 हजार रुपये तथा तृतीय ऋण 50 हजार रुपये तक प्रदान किया जाएगा। शिविरों में पूर्व में स्वीकृत ऋणों का वितरण, लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं ऋण नवीनीकरण संबंधी कार्य भी किए जाएंगे। इच्छुक हितग्राहियों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे, ताकि मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया पूरी की जा सके।

विशेष शिविरों में विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे, जो आवेदनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को यूपीआई एवं क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जाएंगे तथा पीएम स्वनिधि मोबाइल एप इंस्टॉल करवाकर डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। नगर निगम ने शहर के सभी पथ विक्रेताओं, रेहड़ी-ठेला संचालकों, छोटे व्यापारियों, पारंपरिक कारीगरों एवं आमजन से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# पुरषोत्तम मास में हरि शेवा उदासीन आश्रम में धर्म गंगा प्रवाह जारी

## अटूट श्रद्धा, तप और भगवान के प्रति समर्पण से मिलती है सफलता: स्वामी अशोकानंद जी महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज (जबलपुर) ने ब्रह्मा सृष्टि प्रसंग से कथा का प्रारंभ करते हुए श्रीमद्भागवत महापुराण के विविध प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथाव्यास ने ब्रह्माजी के जन्म, उनके तप तथा भगवान नारायण के दर्शन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि ब्रह्माजी ने भगवान के आदेशानुसार सृष्टि की रचना का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने मनु और उनकी संतानों की उत्पत्ति से जुड़े प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया। कथा के माध्यम से उन्होंने सृष्टि निर्माण के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात उन्होंने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र एवं भगवान नृसिंह अवतार की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि अटूट श्रद्धा, दृढ़ संकल्प और भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या कर भगवान का साक्षात् दर्शन प्राप्त किया, वहीं भक्त प्रह्लाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी प्रभु का स्मरण नहीं छोड़ा। उनकी निष्काम भक्ति आज भी मानव समाज के लिए आदर्श है। स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने कहा कि कथा श्रवण सदैव विनम्र और विवेकशील होकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न कोई स्थायी रूप से मूर्ख होता है और न ही कोई स्थायी रूप से ज्ञानी। समय विपरीत होने पर ज्ञानी व्यक्ति भी भूल कर सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे वृक्ष बढ़ता है, वैसे ही मनुष्य के भीतर



भक्ति का विस्तार भी निरंतर होना चाहिए। संसार में जो कुछ दिखाई देता है, वह सब प्रभु की ही सत्ता से व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान के नाम- स्मरण, सत्संग और भक्ति के माध्यम से ही मनुष्य जीवन को सफल बनाया जा सकता है। धर्म, संस्कार और मानव सेवा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने पुरुषोत्तम मास के महत्व का भी वर्णन किया। कथा के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर कथा श्रवण करते रहे। कथा के समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को आयोजित विष्णु यज्ञ में अनिल-कुसुम सोमानी एवं पुनीत-सुगंधा सोमानी ने जोड़े सहित आहुतियां प्रदान की तथा भगवान महादेव का रुद्राभिषेक किया। आश्रम के संत मायाराम एवं संत गोविन्दराम ने श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में प्रवाहित हो रही धर्म, भक्ति और सत्संग की त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया। कथा में संत राजाराम, संत ईशान राम, संत सुयज्ञराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# सत्कर्म, भक्ति और सदाचार से होता है जीवन का कल्याण : सत्यनारायण महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

खेरुणा ग्राम में आयोजित हरि बोल श्रीमद् पुरुषोत्तम भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास सत्यनारायण महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं सदाचार का महत्व बताते हुए जीवन में सत्कर्म अपनाने का संदेश दिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भक्ति रस का आनंद लिया।

कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को सदैव धर्म और सत्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान से सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने कहा कि भगवान दयालु, करुणामय एवं समदर्शी हैं तथा उनकी शरण में जाने से जीवन का कल्याण होता है।

महाराज ने पारस पत्थर का उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार उसके स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है, उसी



प्रकार भगवान अपनी कृपा से भक्त के दोषों और पूर्व कर्मों का विचार किए बिना उसका उद्धार कर देते हैं। उन्होंने सनातन धर्म के प्रतीकों के सम्मान एवं उनके प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य का हृदय भगवान का निवास स्थान है, इसलिए उसे सदैव पवित्र रखना चाहिए। बच्चों के जीवन में माता की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि माता ही प्रथम गुरु होती है, जो संस्कारों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व का निर्माण करती है। भक्त ध्रुव के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बाल्यावस्था में ही भक्ति और तपस्या के महत्व को रेखांकित किया।

सत्यनारायण महाराज ने कहा कि प्रेम सभी से करना चाहिए, लेकिन आसक्ति केवल भगवान से रखनी चाहिए। उन्होंने जड़ भरत की कथा के माध्यम से वैराग्य और आत्मज्ञान का संदेश दिया। साथ ही इंद्रियों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि पाप मुख्य रूप से आंखों



और कानों के माध्यम से मन में प्रवेश करता है।

कथा में अजामिल उद्धार, मरुद्गणों की उत्पत्ति, भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान नरसिंह अवतार का प्राकट्य, समुद्र मंथन तथा वामन अवतार के प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे।

# त्रिवेणी धाम मंदिर व्यवस्था कमेटी घोषित, देवकिशन सेन बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।





श्री श्री 1008 श्यामजी महाराज एवं नारायणी माता त्रिवेणी धाम मंदिर कमेटी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। त्रिवेणी धाम स्थित सेन समाज मंदिर में आयोजित बैठक में आम चौखला 12 गोलाई के 104 गांवों में से 90 गांवों के समाज प्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाज समितियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से त्रिवेणी धाम मंदिर व्यवस्था कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें बीगोद निवासी देवकिशन सेन को अध्यक्ष, उदलियास माफी निवासी डालचंद सेन को सचिव, खेरूना निवासी भागचंद सेन को कोषाध्यक्ष तथा महुआ निवासी राजकुमार सेन को सह-कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इसी प्रकार प्रदीप सेन (त्रिवेणी) को युवा अध्यक्ष, राजकुमार गडखोदिया एवं धीरज सेन (नंदराय) को युवा उपाध्यक्ष, निहाल सेन को विधि सलाहकार, जगदीश सेन को मीडिया प्रभारी, नारायण सेन को सह मीडिया प्रभारी तथा योगेश सेन को व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। समाजजनों ने कृष्ण गोपाल सेन (बाकरा) सहित 11 जनों को संरक्षक मनोनीत किया। वहीं ताराचंद सेन (बीगोद) सहित 11 सदस्यों को उपाध्यक्ष, मिठूलाल सेन एवं रामजस सेन को सह सचिव तथा रामदेव सेन (खरोदा) सहित 11 सदस्यों को महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा रामस्वरूप सेन को प्रवक्ता तथा कालू सेन एवं बबलू सेन को सह व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में समाज के विकास, मंदिर व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन एवं सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई।

# बारात की तरह हुआ स्वागत, छप्पन भोग परोसे, असहायों की सेवा करने वाले राजभाई को किया सम्मानित





भीलवाड़ा फोकस @शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**

निकटवर्ती सावर कस्बे में संचालित सोशल मीडिया आश्रम के संचालक राजभाई और उनके आश्रम में रहने वाले प्रभुओं (सेवाग्राहीजनों) का शाहपुरा में अनूठे अंदाज में स्वागत किया गया। समाजसेवियों और युवाओं ने उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मान समारोह आयोजित किया, जहां बारात की तरह स्वागत, आनंदोत्सव, सामूहिक भोजन और छप्पन भोग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आश्रम के प्रभुओं और स्वयंसेवकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस दौरान युवाओं ने उनके साथ नृत्य कर खुशियां साझा कीं। आयोजन का सबसे भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब स्वयंसेवकों ने प्रभुओं को अपने हाथों से भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन किया। उपस्थित लोगों ने इसे मानवता और सेवा का अद्भुत उदाहरण बताया।

राजभाई पिछले कई वर्षों से बेघर, मानसिक रूप से विक्षिप्त, लावारिस और असहाय लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही उनके मन में सेवा का भाव था। परिवार चाहता था कि वे पढ़-लिखकर नौकरी करें, लेकिन उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सेवा का मार्ग चुना। शुरुआत में संसाधनों की कमी और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने संकल्प को कमजोर नहीं होने दिया।

दो वर्ष पूर्व उन्होंने परिवार की दो बीघा जमीन पर आश्रय स्थल विकसित करने का कार्य शुरू किया। आज वहां 90 से अधिक असहाय लोग रह रहे हैं, जिनके भोजन, चिकित्सा और देखभाल की जिम्मेदारी आश्रम उठा रहा है। करीब दस स्वयंसेवक दिन-रात उनकी सेवा में जुटे रहते हैं। राजभाई ने बताया कि सोशल मीडिया उनके मिशन का सबसे बड़ा आधार बना है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य माध्यमों से न केवल जरूरतमंद लोगों की पहचान होती है, बल्कि उनके बिछड़े परिजनों को खोजने में भी मदद मिलती है। कई लोगों को उनके परिवारों से मिलवाया जा चुका है। संस्था पूरी तरह जनसहयोग और दान पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि संस्था का पंजीयन हुए अभी तीन वर्ष पूरे नहीं हुए हैं, इसलिए सरकारी सहायता प्राप्त करने में कुछ प्रक्रियात्मक बाधाएं हैं। इसके बावजूद सेवा कार्य लगातार जारी है। बढ़ती संख्या के कारण आर्थिक चुनौतियां भी बढ़ रही हैं, लेकिन समाज से मिल रहे सहयोग और विश्वास से हौसला बना हुआ है। राजभाई का कहना है कि आश्रम में रहने वाले सभी लोग उनके लिए प्रभु के समान हैं। उनकी सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने समाज के भामाशाहों, दानदाताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इस मानवीय अभियान में सहयोग की अपील की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन मिल सके। उल्लेखनीय है कि मानवता और सेवा के इस अनूठे आयोजन ने यह संदेश दिया कि समाज में आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं, जो निस्वार्थ भाव से दूसरों के जीवन में खुशियां और सम्मान लौटाने का कार्य कर रहे हैं।

# महिला सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।




महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को सीडीपीओ कार्यालय में एक दिवसीय महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पायलट आदर्श जीवन लोक उत्थान समिति के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक परामर्शदाता सुगना वैष्णव ने आसींद पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा सलाह केंद्र के माध्यम से महिलाएं पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित, प्रभावी एवं निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

कार्यशाला के दौरान साइबर अपराध, बाल विवाह रोकथाम, महिला सुरक्षा, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 100 एवं 112 की उपयोगिता तथा ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर उनके समाधान के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग, भीलवाड़ा की विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वहीं महिला सुपरवाइजर हेमलता मौर्य ने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' एवं 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर साथिन महिलाओं सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा एवं सामाजिक समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

# ज्ञान ही मनुष्य को सही दिशा प्रदान करता है - कृपा रामजी महाराज

## श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,




पूरणमल-सम्पत देवी रांदड़ परिवार के तत्वावधान में महेश वाटिका में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस कथा व्यास श्रद्धेय कृपाराम जी महाराज (जोधपुर) ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया।

कथावाचन के दौरान महाराज श्री ने सुखदेव जन्म कथा, भीष्म स्तुति तथा राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, भक्ति और वैराग्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला दिव्य ज्ञान है। भगवान की भक्ति और संतों के सानिध्य से ही मनुष्य का जीवन सार्थक बनता है तथा उसे आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

महाराज श्री ने कहा कि धन से बड़ा धनवान, आयु से बड़ा आयुवान, बल से बड़ा बलवान और बुद्धि से बड़ा बुद्धिमान हो सकता है, लेकिन इन सभी से श्रेष्ठ ज्ञानवान होता है। ज्ञान ही मनुष्य को सही दिशा प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य तक पहुंचाता है।

उन्होंने बताया कि ऋषि-मुनियों ने सूतजी महाराज से मानव कल्याण से जुड़े पांच महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे थे–मनुष्य के कल्याण का सरल साधन क्या है, शास्त्रों का सार क्या है, भगवान सर्वसमर्थ होते हुए भी अवतार क्यों लेते हैं, भगवान के अवतार कितने हैं तथा मानव जीवन का परम लक्ष्य क्या है। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रश्नों का समाधान श्रीमद्भागवत में निहित है।

कृपारामजी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण लगभग 125 वर्ष तक पृथ्वी पर रहे और जब तक वे धरती पर रहे, धर्म उनकी शरण में था। उनके धाम गमन के पश्चात धर्म ने श्रीमद्भागवत का आश्रय ग्रहण किया। इसलिए कलियुग में श्रीमद्भागवत का श्रवण धर्म, भक्ति और मोक्ष का सर्वोत्तम साधन माना गया है। भीष्म पितामह की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति व्यक्ति को परमात्मा के निकट ले जाती है। वहीं परीक्षित श्राप प्रसंग के माध्यम से मानव जीवन में संयम, विनम्रता और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु की कृपा ही जीवन की सबसे बड़ी संपदा है और गुरु के मार्गदर्शन से ही आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के दौरान कन्हैया के भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे तथा अनेक श्रद्धालु नृत्य करने लगे।

आयोजन समिति के रोहित रांदड़ एवं रमेश सोनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव 8 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगा। इसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है।

## QUICK BITES

### भारत विकास परिषद भोजरास की बैठक में पर्यावरण व योग दिवस पर मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।



भारत विकास परिषद शाखा भोजरास की बैठक अजमेरा भवन में अध्यक्ष अशोक कुमार अजमेरा की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव अशोक कुमार मानावत ने किया। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण व जन-जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। साथ ही कार्यशाला, हस्ताक्षर अभियान, बैंक प्रकरण, विश्व योग दिवस । योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास व अभिरुचि शिविर के आयोजन की रूपरेखा बनी।

बैठक में अशोक मानावत, सतीश मालपानी, दुर्गा प्रसाद मालपानी, भंवर टेलर, राजू लाल जाट, घनश्याम , हेमेंद्र , रेखा देवी अजमेरा, कल्पना मालपानी आदि उपस्थित रहे।

### राजस्थानी खत्री अरोड़ा समाज की समीक्षा बैठक

**राष्ट्रीय शिक्षा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थानी अरोड़ा खत्री सर्वोच्च समिति के तत्वावधान में 14 जून 2026 को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिक्षा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 'शिक्षा का महाकुंभ-2026' को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, आयोजन स्थल, आवास व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस अवसर पर सर्वोच्च समिति एवं शिक्षा समिति के पदाधिकारियों ने भीलवाड़ा पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा आयोजन की तैयारियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण एवं बैठक में सुरेन्द्र पोपा (अजमेर), डॉ. अनिल बत्रा (जोधपुर), विजयराज आडवाणी (जोधपुर), शलभ अरोड़ा (मंदसौर), राधेश्याम अरोड़ा एवं मनोज अरोड़ा (पीपाड़), देवाशीष अरोड़ा (जोधपुर), श्याम अरोड़ा (अजमेर), जयेश अरोड़ा (जोधपुर), हरीश अरोड़ा एवं आकाश अरोड़ा (अजमेर) सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भीलवाड़ा अरोड़ा समाज के गणमान्य सदस्य एवं महिला शक्ति ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं प्रतिभाओं के सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

समिति के अध्यक्ष कैलाश अरोड़ा (एडवोकेट) ने सभी अतिथियों एवं समाज जनों का आभार व्यक्त किया।

### 12 साल पुराने अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, सरकारी भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



सरकारी भूमि पर वर्षों से किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम कांस्या में करीब 12 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार जहाजपुर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया।

तहसीलदार द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष राजस्व टीम का गठन किया गया था। नायब तहसीलदार बद्रीलाल मीणा के नेतृत्व में पटवारी आदेश कुमार मीणा, नारायणलाल धाकड़ एवं इस्लाम हुसैन सहित राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शक्करगढ़ थाना पुलिस भी तैनात रही। पुलिस टीम में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल सियाराम मीणा तथा कांस्टेबल छोटूराम, संदीप एवं सुरेश कुमार शामिल रहे।

### आरसी व्यास व मोदी ग्राउंड फीडर क्षेत्र में आज सुबह 8 से 11 बजे तक बिजली कटौती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विद्युत लाइन के रखरखाव एवं आवश्यक तकनीकी कार्यों के चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को निर्धारित समय तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (अविविनल) ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

सहायक अभियंता ने बताया कि 33/11 केवी आरसी व्यास ग्रिड क्षेत्र के अंतर्गत आरसी व्यास सेक्टर-5 एवं 7, श्रीनाथ सर्किल, स्पर्श हॉस्पिटल के आसपास, मदर टेरेसा स्कूल, गंवारिया बस्ती, पालड़ी रोड, शिव मंदिर, देवनारायण मंदिर, राम मंदिर, आलोक स्कूल, टेम्पो स्टैंड, सुभाष नगर के विभिन्न सेक्टर, बाबा रामदेव मंदिर, शिवजी गार्डन, यूनिक होटल, सुखाड़िया नगर, इंडिया न्यूज कार्यालय, एंटी करप्शन ऑफिस, ब्यावर बुकिंग, एलपीजी इंडियन ऑयल, सुखाड़िया सर्कल, सेंट असलम स्कूल, मिलन वाटिका, अजमेरा हॉस्पिटल, बायोस्कोप, सुप्रीम मोटर्स, यूआईटी क्षेत्र, राजपूत कॉलोनी, मंगलमूर्ति चौराहा, मधुवन वाटिका, रमा विहार, डी-मार्ट सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

इसी प्रकार 11 केवी मोदी ग्राउंड फीडर से जुड़े स्वास्तिक हॉस्पिटल, वाटर वर्क्स, सेक्टर 8, 9 एवं 10, नवजीवन पब्लिक स्कूल, आरके हॉस्पिटल, मेवाड़ हॉस्पिटल, देव ईएनटी हॉस्पिटल, गुर्जर समाज छात्रावास, भंसाली हॉस्पिटल, आरसी व्यास कॉलोनी सेक्टर 2, 3 एवं 4, इंदिरा गांधी कम्युनिटी हॉल, शिवाजी गार्डन तथा मजदूर चौराहा क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।